खाटूवाले श्याम हमारे

खाटूवाले श्याम हमारे तेरे भरोसे तेरे सहारे,
चले गुजारा भगतों का,
लीले वाले श्याम हमारे तेरे भरोसे तेरे सहारे......

तुझसा देव मिला हमको नही फिक्र हमको बाबा,
तुझसे जीवन चलता है भगतों का तू ही दाता,
नैया सबकी तेरे हवाले देव दयालू खाटू वाले,
चले गुजारा भगतों का........

श्याम दया का सागर है भरता सबकी गागर है,
उसको उतना दे देता जिसकी जितनी चादर है,
जिसने जैसी लगन लगाई उसकी वैसी करी सुनाई,
चले गुजारा भगतों का........

शरण जो तेरी आया है उसको गले लगाया है,
जिसने जो मन्नत मांगी खाली नही लौटाया है,
"हर्ष" जो तेरा नाम पुकारे उसको तू संकट से उबारे,
चले गुजारा भगतों का,
लीले वाले श्याम हमारे तेरे भरोसे तेरे सहारे............

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30891/title/khatuwale-shyam-humare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |